आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.12.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने अपने उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया है जो कि वित्तय वर्ष 2017–18 में 711 डिब्बों वित्तय वर्ष 2018–19 में 1425 डिब्बों के उत्पादन को दोगुना करने के साथ शुरू हुई।

आरेडिका ने दिसंबर 2019 के माह में 220 डिब्बों का उत्पादन करके पिछले सभी मासिक उत्पादन का रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस असाधारण उपलब्धि के साथ आरेडिका ने 2018–19 में पूरे वर्ष में उत्पादित 1425 डिब्बों की तुलना में पहले 9 महीनों मे 1400 डिब्बों के उत्पादन को पार करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष मे कुल 1402 डिब्बों का उत्पादन कर लिया है।

महाप्रबंधक आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव और प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री अनूप कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण आरेडिका के समर्पण और कड़ी मेहनत को दिया है, जो सभी विभागों के विशेष रुप से उत्पादन और भंडार विभाग के समन्वय से संभव हो सका है।

महाप्रबंधक आरेडिका ने कहा, आधुनिक तकनीक से लैस आरेडिका वर्तमान गतिशीलता के साथ निश्चित रुप से वित्तिय वर्ष 2019–20 का दिये डिब्बा उत्पादन के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

अमित 31.12.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी